अरे भोले हम तो बैठे तेरी आस में

अरे भोले हम तो बैठे तेरी आस में,
जाने तुझको, हायरे जाने तुझको खबर कब होगी,

अरे एक हांथ में डमरू बाजे, दूजा चिमटा साझे,
एक हांथ में डमरू बाजे, दूजा चिमटा साझे,
और माथे पर है चंदा चमके,
माथे पर है चंदा चमके, बम बम भोला नाचे,
बम बम भोले हम तो,

अरे बांझन आई निर्धन आई, कन्या आई द्वारे,
बांझन आई निर्धन आई, कन्या आई द्वारे,
और इनकी झोली खाली बाबा,
इनकी झोली खाली बाबा, तुम हो भरने वाले ,
बम बम भोलेहम तो।।

अरे रामनाम को रटने वाले, ओ भोले भंडारी,
अरे रामनाम को रटने वाले, ओ भोले भंडारी,
और मैं भी शरण में आई तेरे,
मैं भी शरण में आई तेरे, रक्षा करो हमारी,
बम बम भोले हम तो

Source: https://www.bharattemples.com/are-bhole-hum-to-bethe-teri-aas-me/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw